न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया

प्रशासनिक आदेश संख्याः 41/2026 दिनांकः 29 अक्टूबर 2026

जनपद न्यायालय देवरिया में कार्यरत **न्यायिक अधिकारी सुश्री जागृति, अपर सिविल जज,जू0डि0/एफ.टी.सी.प्रथम/न्यायिक मजिस्ट्रेट,देवरिया के आकस्मिक निधन के परिणाम स्वरूप न्यायालय रिक्त हो गया है। उक्त परिस्थितियो में प्रशासनिक आदेश सं0–10/2026 दिनांकित 28–04–2026 को संशोधित** कर उक्त **न्यायालय से सम्बन्धित थाने का क्षेत्राधिकार वापस लेते हुए फौजदारी वादों के** क्षेत्राधिकार के संबंध में निम्नवत संशोधित व्यवस्था की जाती है, जो कि तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी–

क0सं0	**न्यायालय जहां वर्तमान में क्षेत्राधिकार है।**	**पूर्व से प्राप्त क्षेत्राधिकार**	**वर्तमान में क्षेत्राधिकार प्रदान किये जाने वाले न्यायालय का नाम (जहां क्षेत्राधिकार अन्तरित किया जा रहा है)**
01	न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/एफ.टी.सी. प्रथम/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया। **(रिक्त)**	**थाना–बरहज**	समस्त पुलिस चालानी वाद, परिवाद,घरेलू हिंसा, अन्तिम रिपोर्ट व प्रकीर्ण प्रार्थनापत्र 173 (4), 174 (2), बी.एन.एस.एस, सम्बन्धित थाना के मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा परीक्षणीय एन0 डी0पी0एस0एक्ट,NI Act से सम्बन्धित वाद, वाहन रिलीज व सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय **अपर सिविल जज (सी0डि0)/एफ.टी.सी. प्रथम/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवरिया** को प्रदान किया जाता है।
02	न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/एफ.टी.सी. प्रथम/ न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवरिया। **(रिक्त)**	**थाना–रामपुर कारखाना से सम्बन्धित परिवाद**	थाना रामपुर कारखाना से सम्बन्धित परिवाद, घरेलू हिंसा व एन.आई.एक्ट से सम्बन्धित वादों की सुनवाई व निस्तारण का क्षेत्राधिकार **अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष सं0–19 देवरिया** को प्रदान किया जाता है।

(प्रज्ञा सिंह–III)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
देवरिया

दिनांक / देवरिया
अक्टूबर 29, 2026

सभी सम्बन्धित न्यायालय के लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वे समस्त पत्रावलियों को सम्बन्धित न्यायालय में **भौतिक रूप से 10 दिन के अन्दर** नियमानुसार प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करें एवं उन्हे **एन.जे.डी.जी** पर भी सम्बन्धित न्यायालय में अन्तरित करना सुनिश्चित करें।

उक्त प्रशासनिक आदेश माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया के समक्ष सादर सूचनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये।

अनुमोदित

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
देवरिया

प्रतिलिपिः
1– माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया को सूचनार्थ सादर प्रेषित।

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ व अनुपालनार्थ प्रेषित–
1– अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,कक्ष संख्या–19 देवरिया।
2–अपर सिविल जज,सी0डि0 / एफ0टी0सी0प्रथम / अपर मुख्य न्यायिक मजि0,देवरिया।
3–अपर सिविल जज,जू0डि0 / एफ.टी.सी. प्रथम / न्यायिक मजि0, देवरिया।
4– अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जनपद न्यायालय, देवरिया।
5– कम्प्यूटर अनुभाग में जनपद न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6– एक प्रति गार्ड फाइल में अनुरक्षित किया जाय।

दिनांक / देवरिया
अक्टूबर 29, 2026

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
देवरिया